दैनिक भास्कर

बिलासपुर भास्कर 13-09-2025

# हाई कोर्ट में सोमवार से नए रोस्टर से होगी सुनवाई

**बिलासपुर |** हाई कोर्ट में 15 सितंबर से नए रोस्टर के अनुसार सुनवाई होगी। सीजे रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु, जस्टिस संजय के अग्रवाल व जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल, जस्टिस संजय अग्रवाल व जस्टिस संजय जायसवाल और रजनी दुबे व जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच में मामलों की सुनवाई होगी। इसके अलावा चीफ जस्टिस सिन्हा, जस्टिस संजय के अग्रवाल समेत 16 सिंगल बेंच में मामले सुने जाएंगे। नए रोस्टर में गंभीर और संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता दी गई है।